भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
राज्य सभा
लिखित प्रश्न सं. 147
मंगलवार, 2 फरवरी, 2021/13 माघ, 1942 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

'प्रसाद योजना'

147 श्री भास्कर राव नेक्कांति:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार 'प्रसाद योजना' (तीर्थयात्रा कायाकल्प और आध्यात्मिक संवर्धन अभियान) के क्षमता निर्माण, कौशल विकास घटक के अंतर्गत परियोजनाएँ क्रियान्वित कर रही हैं;
(ख) यदि हाँ, तो सत्संबंधी क्रियान्वित की जा रही परियोजनाओं का राज्य-वार ब्यौरा क्या है;
(ग) 'प्रसाद योजना' के क्षमता निर्माण घटक के अंतर्गत कितनी-कितनी निधि आवंटित और उपयोग की गई; और
(घ) 'प्रसाद योजना' के क्षमता निर्माण घटक के अंतर्गत प्रशिक्षित किए गए लाभान्वितों की संख्या कितनी है?

उत्तर

पर्यटन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) **(श्री प्रहलाद सिंह पटेल)**

(क) से (घ): पर्यटन मंत्रालय की प्रसाद योजना के तहत बेहतर तीर्थयात्रा एवं आध्यात्मिक अनुभव प्राप्त करने के लिए अवसंरचना विकास पर मुख्य रुप से फोकस किया जाता है। क्षमता निर्माण तथा कौशल विकास जैसे घटक इस योजना के अंतर्गत स्वीकार्य घटक हैं। इस योजना के तहत परियोजना संबंधी घटकों की आवश्यकता एवं संबंधित राज्य सरकारों से प्राप्त अनुरोध के आधार पर स्वीकृति प्रदान की जाती है। अभी तक स्वीकृत परियोजनाओं में मंत्रालय को किसी भी राज्य सरकार से ऐसे घटकों से संबंधित कोई अनुरोध प्राप्त नहीं हुआ है।

****